नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से


5 रैबीज पीड़ित कुत्तों पर सुप्रीम कोर्ट सख्त


6 कमजोर मानसून व खाद संकट की चुनौती


7 100 औद्योगिक पार्कों की तैयारी शुरू


8 ओलंपियाकोस ने रियल को हराकर खिताब जीता

# सीबीआई की जांच हुई शुरू

## ट्विशा शर्मा मौत मामले में अब सुप्रीमकोर्ट और हाईकोर्ट में हुई सुनवाई

नवभारत टीम

**भोपाल/जबलपुर, 25 मई. राजधानी में ट्विशा शर्मा की मौत मामले की जांच अब सीबीआई ने शुरू कर दी है. सोमवार को दिल्ली से एजेंसी की टीम ने भोपाल पहुंचकर पुलिस से केस का हेंडओवर लिया. मामले में ही सुप्रीमकोर्ट और मप्र हाईकोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई. हाईकोर्ट में मामले की लाइव सुनवाई हुई. इस दौरान प्रदेश शासन ने अपना पक्ष भी रखा. पुलिस की रिमांड पर आए ट्विशा के पति समर्थ से भी लगातार पूछताछ जारी है. समर्थ से पुलिस ने अबतक कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर पूछताछ की है.**

कोर्ट में हुई दलीलों के बीच पूर्व जज गिरीबाला सिंह को पूरी तरह से सरकार के अधिवक्ताओं



ने घेरा. गिरिबाला सिंह पर मामले में हो रही जांच में बाधा बनने का आरोप भी लगाया. हाईकोर्ट में ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत पर ट्विशा के पिता नवनिधि शर्मा ने विरोध जताया है. इस दौरान सरकार और गिरीबाला सिहं के अधिवक्ता ने कोर्ट में बहस की. सुप्रीम कोर्ट ने ट्विशा शर्मा की मौत को अपाकृतिक मृत्यु माना है.

### ट्विशा को बदनाम कर रही गिरिबाला : तुषार मेहता

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पूर्व न्यायाधीश और मृतका की सास गिरिबाला सिंह पर आरोप लगाया है कि वह न्यूज चैनलों पर जाकर ट्विशा को बदनाम कर रही हैं. इससे जांच में बाधा हो रही है.

सीजेआई सूर्यकांत ने सुनवाई के दौरान मीडिया से अपील करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार या दूसरे परिवार के बयान न लें. उन्होंने कहा कि मामले को कानून और प्रक्रिया के अनुसार आगे बढ़ने दें. सीजेआई ने कहा कि मामले में दो या तीन पहलू थे, जिसमें पहला पहलू दूसरे पोस्टमार्टम से जुड़ा है और यह पूरा किया जा चुका है.

### पिता ने लगाई गिरिबाला सिंह के खिलाफ याचिका

**जबलपुर.** भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा शर्मा की दहेज हत्या के अपराध में आरोपी सास तथा पूर्व भोपाल जिला व सत्र न्यायाधीश गिरिवाला सिंह को मिली अग्रिम जमानत के खिलाफ प्रदेश सरकार के साथ ट्विशा शर्मा के पिता ने भी हाईकोर्ट की शरण ली है. हाईकोर्ट जस्टिस देवनारायण मिश्रा की एकलपीठ के द्वारा दोनों याचिकाओं पर सोमवार को संयुक्त रूप से सुनवाई की . सुनवाई के दौरान गिरिवाला सिंह के अधिवक्ता की तरफ से बताया गया कि शिकायतकर्ता की तरफ से दायर याचिका की कॉपी उन्हें नही मिली है.

### निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से सुनिश्चित की जाएगी जांच :सुको

नई दिल्ली, 25 मई. भोपाल की रहने वाली 33 वर्षीय ट्विशा शर्मा की मौत मामले की सुनवाई सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई. चीफ जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि मामले की जांच निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से सुनिश्चित की जाएगी. सुनवाई के दौरान मध्य प्रदेश सरकार की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल कई अहम टिप्पणी की है . इस मामले में ट्विशा का शव 12 मई को कटारा हिल्स स्थित ससुराल में फंदे से लटका मिला था. परिवार ने दहेज उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं, जबकि ससुराल पक्ष ने मानसिक बीमारी और नशे की बात कही है.

1. सुको ने कहा कि ट्विशा शर्मा मौत मामले की जांच निष्पक्ष और स्वतंत्र तरीके से होगी.
2. मध्य प्रदेश सरकार ने केंद्र को पत्र लिखकर मामले की सीबीआई जांच की सिफारिश की है.
3. सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि मरी हुई बेटी से तलाकशुदा बेटी बेहतर है.
4. ट्विशा शर्मा का शव 12 मई को भोपाल के कटारा हिल्स स्थित ससुराल में फंदे से लटका मिला था.
5. सुप्रीम कोर्ट ने मीडिया से मामले की रिपोर्टिंग में संयम बरतने और परिवारों के बयान 'साउंड बाइट' की तरह पेश न करने की अपील की.



| कब | पेट्रोल | डीजल |
| --- | --- | --- |
| 15 मई | रु. 3 प्रति लीटर | रु. 3.11 प्रति लीटर |
| 19 मई | रु. 0.96 प्रति लीटर | रु. 0.94 प्रति लीटर |
| 23 मई | रु. 0.94 प्रति लीटर | रु. 0.95 प्रति लीटर |
| 25 मई | रु. 8.06 प्रति लीटर | रु. 7.80 प्रति लीटर |

# पेट्रोल-डीजल के रेट से जनता पर चौथा झटका

**10** दिनों में चौथी बार बढ़े ईंधन के दाम

**2.61** पेट्रोल और 2.71 डीजल महंगा

**102** रुपये के पार पहुंचा दिल्ली में पेट्रोल

**नई दिल्ली, 25 मई. देशभर में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की चिंता फिर बढ़ा दी है. पिछले 10 दिनों में चौथी बार ईंधन के दाम बढ़ाए गए हैं, जिससे महंगाई का दबाव और गहरा हो गया है. ताजा बढ़ोतरी के बाद पेट्रोल 2.61 रुपये प्रति लीटर और डीजल 2.71 रुपये प्रति लीटर महंगा हो गया है.**

राजधानी दिल्ली में अब पेट्रोल की कीमत 102.12 रुपये और डीजल 95.20 रुपये प्रति लीटर पहुंच गई है. तेल कंपनियों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें, पश्चिम एशिया में जारी तनाव, रिफाइनिंग मार्जिन में कमी और रुपये की कमजोरी के कारण ईंधन के दाम बढ़ाने पड़े हैं. लगातार हो रही बढ़ोतरी का असर सीधे आम लोगों की जेब पर पड़ रहा है.

### एक नजर में



#### डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक बाल-बाल बचे

**मुरादाबाद.** मुरादाबाद एयरपोर्ट पर सोमवार को एक बड़ा हादसा टल गया, जब उत्तर प्रदेश सरकार के सरकारी विमान में अचानक तकनीकी खराबी आ गई. रनवे पर विमान के एक इंजन ने काम करना बंद कर दिया और उसमें से धुआं निकलने लगा .घटना के समय विमान में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रिजेश पाठक मौजूद थे।घटना के बाद एयरपोर्ट परिसर में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया. एयरपोर्ट प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत स्थिति संभाली और एहतियात के तौर पर विमान को रनवे पर ही रोक दिया गया.

#### तीन वाहनों की टक्कर छह लोगों की मौत

**धुले, 25 मई.** महाराष्ट्र के धुले-मुंबई-आगरा राजमार्ग पर सोमवार सुबह एक भयावह सड़क दुर्घटना में छह लोगों की जान चली गयी, जबकि 26 लोग घायल हो गये. घायलों का इलाज धुले के भाऊसाहब हायर सरकारी मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है. यह दुर्घटना ललिंग घाट पर रेत से लदे एक डंपर के विपरीत दिशा में चलने के कारण तीन गाड़ियों के बीच हुई. प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आज तड़के तीन बजे ललिंग घाट पर भारी ट्रैफिक था जब रेत से भरा डंपर विपरीत दिशा से आते हुए शराब से लदे एक ट्रक से टकरा गया.

# वाग्देवी लोक और भोज शोध संस्थान बनेगा

## भोजशाला आंदोलन में वीरगति को प्राप्त होने वालों के परिजन को देंगे 5 लाख : सीएम

नवभारत न्यूज़

**धार, 25 मई.मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने धार में ऐतिहासिक भोजशाला को माता वाग्देवी लोक और राजा भोज शोध संस्थान बनाए जाने की घोषणा की है.मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भोजशाला में दर्शन और पूजन के लिए सोमवार को धार पहुंचे.उन्होंने भोजशाला में माता वाग्देवी का विधि विधान से पूजन किया.डॉ यादव वाग्देवी की आरती में भी शामिल हुए.**

भोजशाला आंदोलन के दौरान वीरगति को प्राप्त हुए तीन कार सेवकों के परिवारों का सम्मान कर



उनके परिवारों को पांच- पांच लाख रुपए देने की घोषणा भी की.मध्य प्रदेश हाई कोर्ट का आदेश आने के बाद मुख्यमंत्री डॉ यादव ऐतिहासिक भोजशाला में पूजन करने और एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे.उनके साथ कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री सावित्री ठाकुर, क्षेत्रीय विधायक नीना वर्मा, जिला अध्यक्ष नीलेश भारती सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भोजशाला राजा भोज के काल से ही शिक्षा, कला, साहित्य और सनातन चेतना का एक महान विश्वविद्यालय रही है.भोजशाला सिर्फ पत्थरों का ढांचा या कोई साधारण स्मारक नहीं है, बल्कि यह हमारी सदियों पुरानी जीवंत संस्कृति, विद्वता और करोड़ों श्रद्धालुओं की अटूट श्रद्धा का प्रतीक है.( शेष पेज 9 पर )

# असम विस में यूसीसी विधेयक

- हिमंत सरकार ने आदिवासी समुदाय को दायरे से रखा बाहर
- असम में यूनिफॉर्म सिविल कोड की एंट्री

**गोवा, 25 मई. असम विधानसभा में समान नागरिक संहिता विधेयक पेश होने के साथ ही राज्य की राजनीति में नई बहस शुरू हो गई है.**

मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की सरकार ने इसे सामाजिक सुधार और समान अधिकारों की दिशा में बड़ा कदम बताया है, जबकि विपक्ष ने इसे बिना व्यापक चर्चा के जल्दबाजी में लाया गया विधेयक करार दिया है. सरकार के मुताबिक, यूसीसी विधेयक का मसौदा असम की



विशेष जनसांख्यिकीय और सांस्कृतिक विविधता को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है. सबसे अहम बात यह है कि पहाड़ी और मैदानी इलाकों में रहने वाले आदिवासी समुदायों को इसके दायरे से बाहर रखा गया है. इससे राज्य के आदिवासी संगठनों और समुदायों को बड़ी राहत मिली है।

### पीएनजी कनेक्शन वालों को एलपीजी सिलेंडर जमा कराने पर ट्रांसफर वाउचर का विकल्प

**नई दिल्ली, 25 मई.** केंद्र सरकार ने पीएनजी कनेक्शन वाले ग्राहकों को रसोई गैस (एलपीजी) सिलेंडर जमा कराने पर ट्रांसफर वाउचर का विकल्प प्रदान किया है जिससे वे भविष्य में गैर-पीएनजी क्षेत्र में जाने पर अपना एलपीजी कनेक्शन बरकरार रख सकेंगे। सरकार ने इस साल मार्च में जारी आदेश में संशोधन के लिए सोमवार को एक अधिसूचना जारी की। इसमें पीएनजी कनेक्शन वाले ग्राहकों को पीएनजी कनेक्शन लगने के 30 दिन के भीतर एलपीजी कनेक्शन छोड़ने या गैर-पीएनजी क्षेत्र में भविष्य में एलपीजी कनेक्शन लेने के लिए ट्रांसफर वाउचर लेने का विकल्प दिया गया है।

# नीट पेपर लीक में किसी ने सबक नहीं लिया

- नीट पेपर लीक पर सुप्रीम कोर्ट हुआ सख्त
- केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, 25 मई. नीट -यूजी पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि यह बेहद दुखद है कि बार-बार विवादों के बावजूद व्यवस्था ने कोई सबक नहीं लिया.जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की विशेष पीठ इस मामले से जुड़ी कई याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई कर रही है।**

कोर्ट में दायर याचिकाओं में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को भंग



करने, परीक्षा संचालन के लिए अधिक स्वायत्त और मजबूत संस्था बनाने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष सीबीआई जांच कराने की मांग की गई है.सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार, एनटीए और सीबीआई से इस संबंध में जवाब मांगा है।नीट -यूजी परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं के आरोपों ने देशभर के लाखों छात्रों और अभिभावकों की चिंता बढ़ा दी है.


मेडिकल प्रवेश जैसी अहम परीक्षा पर सवाल उठने से युवाओं के भविष्य और परीक्षा प्रणाली की विश्वसनीयता पर बड़ा असर पड़ा है. विपक्ष ने भी इस मुद्दे पर केंद्र सरकार को घेरना शुरू कर दिया है. कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने इसे युवाओं के भविष्य के साथ जघन्य अपराध बताया. उन्होंने कहा कि गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज तक लेते हैं, लेकिन भ्रष्ट व्यवस्था ने उनका भरोसा तोड़ दिया है. उन्होंने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफे की मांग की.

# गुलमर्ग में हवा में अटकी 300 पर्यटकों की सांसें

**एशिया के प्रसिद्ध रोपवे में अचानक रुक गई केबल कार सेवा**

**गुलमर्ग में पर्यटकों को निकालने के लिए चला रेस्क्यू ऑपरेशन**

**गुलमर्ग, 25 मई. गुलमर्ग गोंडोला में आई तकनीकी खराबी ने सोमवार को सैकड़ों पर्यटकों की सांसें रोक दीं. एशिया के सबसे चर्चित रोपवे सिस्टम में अचानक आई गड़बड़ी के कारण कई केबिन हवा में ही रुक गए और करीब 300 पर्यटक सैकड़ों फीट की ऊंचाई पर फंस गए. घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और लोगों में दहशत फैल गई.**



जम्मू-कश्मीर प्रशासन और रेस्क्यू टीमों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए फंसे हुए पर्यटकों को सुरक्षित निकालने के लिए अभियान शुरू किया. शुरुआती जानकारी के अनुसार, तकनीकी खराबी के कारण रोपवे के पहिए और मूवमेंट सिस्टम अचानक रुक गए थे. हालांकि समय रहते सिस्टम को नियंत्रित कर लिया गया और बड़ा हादसा टल गया।


इस घटना के बाद लोगों के मन में सबसे बड़ा सवाल यही उठा कि आखिर एक केबल कार कितने वजन को सुरक्षित तरीके से उठा सकती है. विशेषज्ञों के अनुसार, किसी भी रोपवे सिस्टम की भार क्षमता उसके डिजाइन, स्टील केबल की मजबूती और केबिन के आकार पर निर्भर करती है. सामान्य पर्यटन गोंडोला केबिन एक बार में लगभग 600 से 1,600 किलोग्राम तक वजन उठा सकते हैं. ऐसे केबिनों में आमतौर पर 6 से 16 लोग यात्रा करते हैं. छोटे गोंडोला सिस्टम 400 से 800 किलोग्राम तक भार वहन कर सकते हैं, जबकि मध्यम श्रेणी की केबल कारें 1,000 से 2,000 किलोग्राम तक वजन संभालने में सक्षम होती हैं. वहीं बड़े एरियल ट्रामवे और विशाल केबिन वाले सिस्टम एक बार में 30 से 100 यात्रियों को ले जाने की क्षमता रखते हैं.


**एशिया संकट** 60 दिनों के संघर्ष विराम के एक फ्रेमवर्क पर चल रही है चर्चा

# अमेरिका के साथ कई मुद्दों पर बनी सहमति : ईरान

**तेहरान, 25 मई. ईरान और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच जारी बातचीत को लेकर सोमवार को बड़ा बयान सामने आया. ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बघाई ने कहा कि दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर पर्याप्त प्रगति हुई है और ज्यादातर मामलों में नतीजे निकल चुके हैं.**

हालांकि उन्होंने स्पष्ट किया कि अभी किसी अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर होने की स्थिति नहीं बनी है और इसके लिए कोई तय समयसीमा भी निर्धारित नहीं की





गई है. तेहरान में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बाघेई ने कहा कि अमेरिका का राजनीतिक व्यवहार लगातार बदलता रहा है, जिससे बातचीत की प्रक्रिया प्रभावित हो रही है.उन्होंने कहा कि वाशिंगटन में फैसले लेने की प्रक्रिया अव्यवस्थित दिखाई देती है और कुछ ही घंटों में अमेरिकी रुख बदल जाना वार्ता को कठिन बना देता है. बाघेई ने अमेरिकी कांग्रेस के विरोध, प्रशासनिक इस्तीफों, जनमत और आंतरिक राजनीतिक उलझनों का जिक्र करते हुए कहा कि इन परिस्थितियों ने बाहरी प्रभावों के लिए भी जगह बनाई है, जिनमें इजराइल समर्थक तत्व शामिल हैं.उन्होंने दोहराया कि ईरान के लिए सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा उसके राष्ट्रीय हितों और परमाणु अधिकारों की रक्षा है. उन्होंने बताया कि बातचीत के तहत 60 दिनों के संघर्ष विराम पर एक फ्रेमवर्क पर चर्चा चल रही है, जिसमें विभिन्न मेमोरेंडम और तकनीकी बिंदुओं पर विचार किया जाएगा.( शेष पेज 9 पर )

# पेपर लीक रोकने राज्यों से मांगा सहयोग

- नीट परीक्षा से पहले धर्मेंद्र प्रधान की बड़ी पहल
- मुख्यमंत्रियों को भेजी सुरक्षा और व्यवस्था की चिट्ठी

**नई दिल्ली, 25 मई. धर्मेंद्र प्रधान ने 21 जून को प्रस्तावित नीट - यूजी की पुनर्परीक्षा को लेकर सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों, उपराज्यपालों और प्रशासकों को पत्र लिखकर सहयोग मांगा है.शिक्षा मंत्री ने परीक्षा को सुरक्षित, निष्पक्ष और सुचारू तरीके से आयोजित कराने के लिए राज्यों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है।**

शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, पत्र में विशेष रूप से परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने और किसी भी प्रकार की पेपर लीक या अनियमितता को रोकने पर जोर दिया गया है.पिछले वर्षों में नीट परीक्षा को लेकर हुए विवादों और पेपर लीक के आरोपों के बाद केंद्र सरकार इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है. धर्मेंद्र प्रधान ने पत्र में लिखा कि मौजूदा भीषण गर्मी और लू की परिस्थितियों को देखते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा और स्वास्थ्य सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए.उन्होंने राज्य सरकारों से अनुरोध किया कि जिला प्रशासन, स्कूलों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और परीक्षा केंद्रों को उचित निर्देश जारी किए जाएं, ताकि छात्रों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### फिजिक्स टीचर मनीषा हवलदार हुई गिरफ्तार

नीट -यूजी पेपर लीक मामले में पुणे की फिजिक्स टीचर मनीषा हवलदार को सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। जांच एजेंसी का दावा है कि उन्होंने पैसों के बदले छात्रों को परीक्षा से जुड़े सवाल और कंटेंट उपलब्ध कराए। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने मनीषा को छह दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। सीबीआई के अनुसार आरोपी ने एनटीए ड्यूटी के दौरान हाथ से नोट्स तैयार किए और बाद में सबूत मिटाने के लिए चैट डिलीट कर दी तथा नोट्स जला दिए। मामले में अब तक कई शहरों से 11 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं.

### गुस्ताखी माफ

